हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 2 मई 2024

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

10 बाल विवाह मुक्त कोण्डागांव अभियान में निकाली गई ...



11 विधायक तेंदूपत्ता खरीदी केंद्र पहुंच की संग्राहकों ...





## खबर संक्षेप

### धारदार हथियार लेकर लोगों को डराने वाला गिरफ्तार

**जगदलपुर**। सार्वजनिक स्थल में आम लोगो को धारदार हथियार दिखाकर डराने धमकाने वाले युवक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया। सूचना पर मौके पर पहुंची बोधघाट पुलिस द्वारा आरोपी को घेराबंदी कर हथियार के साथ पकड़ा। एएसपी महेश्वर नाग ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना बोधघाट में मामला दर्ज किया गया जो दंतेश्वरी वार्ड का रहने वाला हैं। आरोपी कृष्ण नागेश 22 वर्ष निवासी दंतेश्वरी वार्ड के कब्जे से लोहे का धारदार हथियार भी बरामद किया गया। बोधघाट पुलिस को सूचना मिली थी कि दंतेश्वरी वार्ड सतनामी भवन के पास आरोपी द्वारा लोहे का धारदार हथियार अपने कब्जे में रखकर लहराते हुए परिवार वालों एवं आम नागरिकों को डराया धमकाया जा रहा है। सूचना पर एसपी शलभ सिन्हा के मार्गदर्शन एवं एएसपी महेश्वर नाग व सीएसपी उदित पुष्कर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित कर आर्म्स एक्ट की कार्यवाही के लिए रवाना किया गया था। टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घटनास्थल पहुंचकर आरोपी कृष्ण नागेश को घेराबंदी कर पकड़कर उसके कब्जे से लोहे की धारदार हथियार जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफआर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। आरोपी के खिलाफ त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई अरुण मरकाम, एएसआई विष्णु देवांगन, कांतो पानी, प्रधान आरक्षक सोनामनी मंडावी, आरक्षक झलकु, विजय तिर्की व कामदेव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



### तेंदूपत्ता की खरीदी पांच मई से होगी

**दुर्गूकोंदल**। वन परिक्षेत्र दुर्गूकोन्दल में तेंदूपत्ता खरीदी 5 मई से प्रारंभ होगी। वन परिक्षेत्र अधिकारी मुकेश नेताम ने बताया कि वन परिक्षेत्र के अंतर्गत 18 समिति के 182 फड़ों में तेंदूपत्ता खरीदी 5 मई से प्रारंभ होगी, जिसकी तैयारी वन विभाग के द्वारा की गई है। वहीं वन परिक्षेत्र अंतर्गत तेंदूपत्ता खरीदी वर्ष 2024 में 3 लाख 87 हजार मानक बोरा का लक्ष्य निर्धारित की गई है। ज्ञात हो कि तेंदूपत्ता खरीदी 5 हजार 500 मानक बोरा से खरीदी की जाएगी।

### इलाज के दौरान हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर**। भानुप्रतापुर थाना अंतर्गत खेडेगांव निवासी साढ़े 4 वर्षीय भुमिका नेताम पिता ललित नेताम का 30 अप्रैल को ग्राम कोण्डे में एक्सीडेंट हुआ था। एक्सीडेंट से आई चोट के कारण ईलाज के लिए सीएचसी भानुप्रतापुर लाया गया। जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना मे लिया।

### समर कैंप में खिलाड़ियों को दी क्रिकेट की जानकारी

**चारामा**। नगर के शहीद वीर नारायण सिंह मिनी स्टेडियम में चारामा क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित समर क्रिकेट कैम्प 22 अप्रैल से 22 मई तक चलेगा। समर क्रिकेट कैम्प का आगाज 22 अप्रेल को चारामा क्रिकेट संघ के तत्वावधान में नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारे देवांगन, सभापति उमा शर्मा एवं किसान मोर्चा प्रदेश सदस्य जयश्री सिन्हा के कर कमलों से किया गया, जिसमें जनपत पंचयात अधिकारी बेनु सुकदेव, विद्युत विभाग अधिकारी डोमेन्द्र सिंह दीवान एवं पुलिस विभाग से बंटी मंडावी एवं अरविंद ठाकुर उपस्थित रहे।

# जांच के दौरान 2046 वाहनों पर 62.53 लाख का किया जुर्माना

## परिवहन विभाग ने 19 वाहनों पर बकाया टैक्स 9.68 लाख रुपए वसूला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- उड़नदस्ता प्रभारी की टीम संभाग की सड़कों पर कर रही वाहनों की जांच

बस्तर संभाग के विभिन्न सड़कों में वाहन चालक एवं मालिक बेखौफ परिवहन नियमों उल्लंघन कर रहे हैं। इस पर परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी की टीम ने वाहनों की जांच की जा रही है। अप्रैल में टीम ने 2046 वाहनों पर 62.53 लाख रुपए का जुर्माना किया। इसमें से 978 वाहनों से 15 लाख 70 हजार रुपए का राजस्व वसूला। 19 वाहनों से बकाया टैक्स 9 लाख 67 हजार 995 रुपए, 290 ई-चालान से 21 लाख 62 हजार 100 रुपए भुगतान कराया। इसके अलावा परिवहन विभाग के चेक पोस्ट धनपूंजी में 755 वाहनों से 14 लाख 25 हजार 200 रुपए समझौता शुल्क वसूल किया और 9 ई-चालान में 9 हजार 600 रूपए, टीपी एवं यानकर से एक लाख 18 हजार 050 रुपए की कार्रवाई की गई।



### दूसरे राज्य की वाहनों पर सख्ती

बताया जा रहा है कि संभाग की सभी सड़कों में सीमावर्ती राज्यों ओडिशा, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र एवं तेलंगाना की वाहनों बेखौफ परिवहन नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ राज्य का टैक्स बिना दिए दूसरे राज्यों की वाहनें बैखौफ चल रहे हैं। इस पर परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी की टीम संभाग की सभी सड़कों में वाहनों की जांच की जा रही है।

### नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं

उड़नदस्ता प्रभारी एवं निरीक्षक एसके झा ने बताया कि परिवहन नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालक एवं मालिक पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस तरह से सड़कों में बेखौफ नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## बैठक : स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए में कलेक्टर ने दिए निर्देश

# स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अच्छा काम कर लाएं बेहतर परिणाम

सुविधाएं उपलब्ध कराने बेहतर रणनीति के साथ करें कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कलेक्टर विजय दयाराम के.ने कहा है कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता के लिए अच्छा कार्य कर बेहतर परिणाम लाएं। इस दिशा में सभी बीएमओ और सम्बन्धित अधिकारी-कर्मचारी अपने मूल काम को जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें। फील्ड में आम जनता को अपनी स्वास्थ्य सेवाओं की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित करें।

कलेक्टर विजय ने मंगलवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में स्वास्थ्य विभाग की विस्तृत समीक्षा करते हुए उक्त निर्देश दिए। कलेक्टर ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम और राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने पर जोर देते हुए कहा कि गर्भवती महिलाओं का पंजीयन सहित निर्धारित स्वास्थ्य जांच एवं दवाइयों की सुलभता और लक्षित माताओं एवं बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, गर्म भोजन प्रदाय एवं स्वास्थ्य परामर्श का परिणाम सुरक्षित प्रसव में परिलक्षित हो। उन्होंने गर्भवती महिलाओं के पंजीयन के अनुरूप सभी को संस्थागत प्रसव सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए बेहतर रणनीति के साथ कार्य करने निर्देशित किया कि पर्याप्त चिकित्सक, अमला और सुविधाओं की समुचित व्यवस्था है। इसे दृष्टिगत रखते हुए शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने संस्थागत प्रसव के लिए महारानी जिला अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल को पृथक-पृथक लक्ष्य देने के निर्देश दिए।



### राष्ट्रीय कार्यक्रमों की भी समीक्षा

बैठक में राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण कार्यक्रम, परिवार कल्याण कार्यक्रम इत्यादि की बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके चतुर्वेदी, सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक महारानी अस्पताल डॉ.संजय प्रसाद सहित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी, बीएमओ तथा बीपीएम मौजूद रहे।

### एनआरसी में शत-प्रतिशत बेड ऑक्यूपेंसी पर बल

कलेक्टर ने जिले के सभी पोषण पुनर्वास केन्द्रों में शत-प्रतिशत बेड ऑक्यूपेंसी सुनिश्चित करने पर बल देते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर प्रत्येक 15 दिवस के लिए रोस्टर तैयार कर चिन्हित बच्चों को भर्ती कर उपचार किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने आवश्यकता के मद्देनजर मानव संसाधन की व्यवस्था कर बस्तर एवं बास्तानार पोषण पुनर्वास केन्द्र में चार-चार बेड वृद्धि किये जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सघन मोतियाबिंद जांच एवं उपचार अभियान का तीसरा चरण शुरू कर चिन्हित मरीजों का ऑपरेशन करवाने कहा। वहीं मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान के तहत दरभा, बास्तानार, लोहण्डीगुड़ा ब्लॉक और जगदलपुर विकासखण्ड के नानगुर इलाके में सघन मलेरिया जांच एवं उपचार चलाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान भारत के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप आयुष्मान कार्ड प्रदान करने के लिए एनालिसिस कर अभियान संचालित कर पंजीयन पूर्ण किए जाने कहा।

## बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन में कमी, तीन पैथो लैब को नोटिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- नर्सिंग होम एवं पैथोलॉजी लैब में बायो मेडिकल वेस्ट प्रबंधन जांच के लिए टीम का गठन

आयुक्त हरेश मंडावी के निर्देश पर शहर में संचालित पैथोलॉजी लैब में बायोमेडिकल वेस्ट के प्रबंधन के संबंध में तीन अधिकारियों के टीम का गठन किया गया है जिसमें कार्यपालन अभियंता अजीत कुमार तिग्गा, डॉ. निशा मौर्य स्वास्थ्य अधिकारी एवं राकेश यादव राजस्व निरीक्षक शामिल है।

टीम ने आज शहर के चार पैथोलॉजी लैब का निरीक्षण कर बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन की जांच की। स्पर्श पैथोलॉजी लैब, नोबेल पैथोलॉजी लैब, हेल्थ एवं लाइफ डायग्नोस्टिक लैंब एवं डॉक्टर सचिन बड़गे पैथोलॉजी लैब का निरीक्षण एवं जांच किया गया। गठित टीम द्वारा चारों पैथोलॉजी लैब में बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन में कमी पाई गई जिसे लेकर संबंधित पैथोलॉजी लबों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। साथ ही पैथोलॉजी लैब को जुर्माना की कार्रवाई भी की गई है। आयुक्त ने बताया मेडिकल वेस्ट को लेकर लगातार शिकायतें आ रही थीं। पैथोलॉजी लैब द्वारा अपने मेडिकल वेस्ट को रोड एवं नालियों में डालने की लगातार शिकायत मिल रही थी। जिस पर यह कार्रवाई शहर के नर्सिंग होम एवं पैथोलॉजी लैब में टीम का गठन कर कारवाई किया जाना प्रारंभ किया गया है। इसी तारतम्य में पैथोलॉजी लैब एवं नर्सिंग होम मैं बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन की जांच के संबंध में टीम को जांच किया गया है जिसके चलते आज यह कार्रवाई किया गया और आगे भी यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## मजदूरों का शोषण बंद हो, मिले अधिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- राजमिस्त्री मजदूर कल्याण संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बस्तर राजमिस्त्री मजदूर कल्याण संघ की ओर से शहर के टाउन हॉल में श्रमिक दिवस पर मजदूरों की सभा आयोजित की गई। संघ के पदाधिकारियों ने श्रमिकों का सम्मान किया, वहीं मजदूरों के अधिकारों को लेकर अपनी बातें रखी। कार्यक्रम के बाद संघ के पदाधिकारियों ने कलेक्टर को 7 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन भी सौंपा।

संघ के जिलाध्यक्ष श्याम घोष ने कहा कि जिस तरह से मजदूरों का शोषण ठेकेदार कर रहे हैं, वह पूरी तरह से बंद होना चाहिए और मजदूरों को उनका हक मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकांश जगहों पर ऐसा देखने में आया है कि ठेकेदारों द्वारा मजदूरों को कम मजदूरी दी जा रही है, वहीं जोखिमभरे कार्यों के लिए भी मजदूरों को कोई सुरक्षा उपकरण या संसाधन मुहैया नहीं करवाए जा रहे हैं। ऐसे में इसके खिलाफ बड़ा आंदोलन किया जाएगा, जिससे मजदूरों को उनका हक दिलवाया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने अपनी मांगों को लेकर कहा कि जिले से मजदूरों के पलायन पर तत्काल रोक लगाने के साथ ही बाल मजदूरी पर प्रतिबंध लगाने, मजदूरों में लिंगभेद खत्म कर समान मजदूरी देने, बस्तर में श्रमिकों के अशिक्षित होने के कारण ठेकेदारों द्वारा उन्हें सही मजदूरी का भुगतान नहीं कर रहे हैं, इसे दुरूस्त करने, कार्यस्थल पर मजदूरी दर, कार्य की लागत, ठेकेदार का नाम सहित अन्य जानकारियों का बोर्ड लगाने और इसकी जांच के लिए संघ को अधिकार देने, कार्यस्थल पर फर्स्ट एड बॉक्स अनिवार्य रूप से रखने, किसी भी निर्माण कार्य में मजदूरों को मस्टररोल पर हाजिरी भरकर भुगतान करने को अनिवार्य करने की मांग की गई है।



*ये रहे उपस्थितः इस दौरान संघ के जिला उपाध्यक्ष उमाशंकर राजदेव, सचिव मोहन उसेंडी, सहसचिव तुलाराम कश्यप, रामदयाल नाग, कोषाध्यक्ष सुदुराम सेठिया, संगठन सचिव किशन नाग, लुंदू कश्यप, विधिक सलाहकार मलय झा, जिला सदस्य मनबोध कश्यप, बलराम बघेल, सतीश राव, नूरपति सागर, रघुनाथ बघेल सहित अन्य उपस्थित रहे।*

## गिरवी आटो का दस्तावेज फर्जी, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- रिपोर्ट दर्ज होने के 5 घंटे के अंदर हुई कार्रवाई

फर्जी तरीके से दस्तावेज तैयार कर ऑटो को गिरवी रखकर ठगी करने वाले के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होने के पांच घंटे के भीतर कार्रवाई करते हुए बोधघाट पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। आरोपी के खिलाफ फर्जी दस्तावेज के माध्यम से ठगी करने की रिपोर्ट प्रार्थिया द्वारा दर्ज कराई गई थी। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए बोधघाट पुलिस आरोपी पीलू ठाकुर 27 वर्ष निवासी उलनार को गिरफ्तार कर ऑटो जब्त कर लिया है। गौरतलब है कि एसपी शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व में बस्तर पुलिस द्वारा आपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य ⏭ शेष पेज 10 पर

## कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक पहुंचे मॉडल कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर




- सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में सीआरपीएफ के अधिकारियों से की चर्चा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. और पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने बुधवार को धरमपुरा मॉडल कॉलेज में स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। कलेक्टर और एसपी ने जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के ईवीएम मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी के द्वारा निगरानी का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सीआरपीएफ के अधिकारियों से परिसर की सुरक्षा, राजनीतिक दलों द्वारा स्ट्रांग रूम निगरानी के बारे में भी चर्चा की। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान उपरांत सभी मतदान सामग्रियों को स्ट्रांग रूम में रखा गया है। इसकी सुरक्षा सीआरपीएफ की कंपनी द्वारा की जा रही है। दोनों अधिकारियों ने स्ट्रांग रूम के बाहर निगरानी हेतु तैनात राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात कर स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था पर बात की।

## मजदूर दिवस पर केन्द्रीय जेल में हुआ विधिक साक्षरता शिविर

# मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने निरूद्ध बंदियों का जाना हालचाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देश में बुधवार को केन्द्रीय जेल में जेल समीक्षा दिवस के अवसर पर एक मई को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रूपनारायण पठारे ने केन्द्रीय जेल पहुंचकर निरूद्ध बंदियों का हालचाल जाना। साथ ही बंदियों तथा उनके परिवारजनों की समस्याओं की जानकारी भी ली गई। बंदियों के संबंध में जेल प्रशासन को आवश्यक निर्देश भी प्रदान किए गए। इसके अलावा केन्द्रीय जेल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन भी किया गया। संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के संबंध में उनके पंजीयन किए जाने की आवश्यकता बताते हुए कहा गया कि शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत श्रमिकों को गंभीर बीमारी में चिकित्सा सहायता, उनके बच्चों को छात्रवृत्ति, श्रमिकों के असामान्य दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके बीमा तथा उनके घर में प्रसुति होने पर प्रसुति सहायता इत्यादि बहुत सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। इन योजनाओं का लाभ उपरोक्तानुसार श्रमिकों के पंजीबद्ध होने पर ही प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर केन्द्रीय जेल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री पठारे, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के स्टाफ, पैरालीगल वालिंटियर्स एवं जेल प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारी शामिल रहे।



### भविष्य में अपराध न करें

शिविर में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने केन्द्रीय जेल में निरूद्ध सजायाफ्ता एवं विचाराधीन बंदियों को विधिक सहायता योजनाओं एवं उनके अधिकारों के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराते हुए बताया कि जेल में निरूद्ध रहते हुए भी बंदी अपना अधिकार सुरक्षित रखते हैं। उनके द्वारा बंदियों को भविष्य में अपराध न करने हेतु प्रेरित करते हुए संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के संबंध में शासन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया, उन्हें विकासोन्मुख करने का प्रयत्न किया गया।

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

## खबर संक्षेप



### मेगाफेस्ट कामपीटिशन के अवार्ड बच्चों में बंटे

**धमतरी।** जिला स्तरीय ग्रैनिस मेगाफेस्ट कंपिटिशन और अवार्ड सेरेमनी कार्यक्रम हरदिहा साहू समाज भवन में हुआ बौद्धिक स्तर के कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू थे। विशेष अतिथि जिला सांसद प्रतिनिधि उमेश साहू ने शिक्षा, रोजगार, संस्कार पर बल दिया। बच्चों की शिक्षा तय करने का जिम्मा पालकों को प्रमुखता से लेना होगा। सरकारी नौकरी नहीं मिलने पर स्वरोजगार के लिए प्रेरित करे। इन सबके अलावा बच्चों को संस्कार देना ज्यादा जरूरी है। यह जीवन की अनमोल पूंजी है। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि डिफेंस अकादमी के संचालक हितेंद्र कुमार साहू ने संबोधित किया।

### 3 मई से बच्चों को मिलेगा नि:शुल्क संगीत प्रशिक्षण

**धमतरी।** भारतीय बौद्ध महासभा जिला धमतरी के जिला अध्यक्ष पालनहार मेश्राम के नेतृत्व और कुंजीलाल कुटारे के माताश्री स्वर्गीय श्रीमती सोना बाई कुटारे दानीटोला वार्ड धमतरी निवासी की स्मृति में 3 मई शुक्रवार को सुबह 8 बजे से 9 बजे सभी वर्गो के बच्चों के लिए निशुल्क संगीतकला और वादन का प्रशिक्षण दिया जायेगा। आयु का कोई बंधन नहीं है। इसमें खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय से प्रशिक्षित संगीत शिक्षक अजय वर्मा एवम तन्मय वर्मा द्वारा संगीतकला गायन और वादन का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा। संगीतकला और वादन का प्रशिक्षण सभी वर्गो के बच्चों को नि:शुल्क दिया जायेगा।

### हरदीभाटा स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित



**नगरी।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हरदीभाटा में 8वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा 8वीं में ध्रुव प्रहलाद प्रथम एवं प्रियंका बघेल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 7वीं में वैष्णवी प्रथम रही। कक्षा 6वीं में देश कुमार प्रथम स्थान पर रहे। सभी बच्चों को पालक समिति एवं शिक्षकों ने शुभकामनाएं देते हुए निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर लोमश प्रसाद साहू समन्वयक, नंदलाल कश्यप प्रभारी प्रधानपाठक, अंजना बैस शिक्षक, प्रतिभा देहारी शिक्षक उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### फर्जी दस्तावेज से ....

में फर्जी तरीके से दस्तावेज तैयार कर ऑटो को गिरवी रखने वाले युवक पर कार्रवाई करने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है। मामले में प्रार्थिया रुक्मणी वाल्मीकि ने थाना बोधघाट में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपने पुत्र के नाम पर ऑटो क्रमांक सीजी 05 एए 0887 को 3 रुपए की दर से किराए में चलने के लिए पीलू ठाकुर को दी थी। आरोपी द्वारा प्रार्थिया को किराए का कोई भी पैसा नहीं दिया। उक्त ऑटो को प्रार्थिया के साथ छल करते हुए फर्जी तरीके से बंधक विलेख पत्र तैयार कर मेडगुड़ा निवासी तुषार सिंह के पास गिरवी रख दिया। प्रार्थिया कि रिपोर्ट पर एसपी शलभ सिन्हा के मार्गदर्शन व एएसपी महेश्वर नाग व सीएसपी उदित पुष्कर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपी पीलू ठाकुर निवासी उलनार को चंद घंटो के भीतर धारा 420, 406 के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। आरोपी के खिलाफ त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई अरुण मरकाम, एएसआई विष्णु देवांगन, आरक्षक झलकू व विजय तिर्की की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# फरसगांव प्रीमियर लीग सीजन-3 का हुआ रंगारंग शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नगर पंचायत के हाईस्कूल मैदान में यूथ स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब वायएससी के तत्वावधान में फरसगांव प्रीमियर लीग सीजन -3 याने पीपीएल-3 का रंगारंग शुभारम्भ मंगलवार को देर शाम मुख्य अतिथि वरिष्ठ कांग्रेस नेता रवि घोष, कार्यक्रम अध्यक्ष नपं अध्यक्ष गणेश दुग्गा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया।

सर्वप्रथम आयोजन समिति द्वारा ग्राम के शीतला मन्दिर से अतिथियों का स्वागत मांदरी नृत्य और आतिशबाजी के साथ रोड शो करते हुए खेल मैदान तक किया गया। जिसके बाद गाँव के गायता, पुजारी द्वारा खेल मैदान में पूजा अर्चना शुभारंभ किया गया। इस आयोजन में अतिथियों ने भी मैदान में उतरकर बैटिंग और बोलिंग कर क्रिकेट मैच का आंनद लिया । प्रतियोगिता में पहला मैच वीर शिवाजी और फरसगांव सुपर किंग के मध्य मुकाबला हुआ, जिसमें रोमांचक मैच में वीर शिवजी की टीम में 1 रन से जीत हासिल की। विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार 52 हजार रुपए, उपविजेता टीम को 31 हजार रुपए दिया जाएगा। साथ ही कई आकर्षक इनाम भी दिए जाएंगे। प्रतियोगिता का समापन 15 मई को किया जाएगा।

## 16 दिनों तक चलेगा मैच, 16 टीमों के बीच होगा मुकाबला



### 16 टीमें ले रहीं भाग

प्रतियोगिता के इस सीजन में 16 टीमों के मध्य मुकाबला होगा । जिसमें पॉवर हीटर, ट्राइबल योद्धा, फरसगांव सुपर किंग्स, महाकाल इलेवन, फरसगांव इंडियंस, फरसगांव फायर, फरसगांव फाइटर्स, माई दंतेश्वरी इलेवन, मुरनार टाइगर्स, मावा वारियर्स, हसदेव चैलेंजर्स, वीर शिवाजी, जय बूढ़ा देव, बस्तरिया कोयतुर, अबुझमाण्ड टाइटन्स, बिरसा मुंडा के मध्य मुकाबला होगा।

## कार्यक्रम : ग्रामीणों को बालविवाह रोकने की दिलाई शपथ

# बाल विवाह मुक्त कोण्डागांव अभियान में निकाली गई जागरुकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बाल विवाह मुक्त कोण्डागाव अभियान में आज जागरुकता रैली निकाली गई। ग्रामीणों सहित अन्य को बाल विवाह रोकथाम की शपथ दिलाई गई। दीवार लेखन सहित अन्य माध्यमों से भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार जिले में बाल विवाहमुक्त कोण्डागाव अभियान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत 1 मई को कोण्डागांव क्षेत्र के विभिन्न स्थलों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को बाल विवाह रोकथाम की शपथ दिलाई गई। साथ ही रैली का आयोजन करते हुए। दीवार लेखन का कार्य महत्वपूर्ण चौक चौराहों के विभिन्न स्थानों पर किया गया। जिसमें बाल विवाह रोकने संबंधी नारा जैसे पढ़ने लिखने का उम्र है, बाल विवाह जुर्म है। पहले पढ़ाई फिर विदाई, अभी–अभी तो हुआ सवेरा, धूप तनिक बढ़ जाने दो, अभी ब्याहने की क्या जल्दी थोड़ा पढ़ लिख जाने दो नारों का लेखन किया गया।




### लोगों का बताया दुष्परिणाम



आंगनबाड़ी केन्द्र में कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह रोकने के लिए ग्रामीणों को विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, दण्ड के प्रावधान, बाल विवाह के दुष्परिणाम से अवगत कराते हुए बाल विवाह न करने की समझाइश दी गई। विभाग द्वारा लोगों से किसी भी बाल विवाह की सूचना मिलने पर ग्राम सरपंच, पटवारी, सचिव, आगनवाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन एवं समूह के अध्यक्ष एवं सदस्यों के द्वारा संयुक्त दल बनाकर विवाह स्थल में पहुंचकर बालक–बालिका के जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं शैक्षणिक दस्तावेजों का निरीक्षण करते हुए बाल विवाह पर रोक लगाने के लिए अनुरोध किया गया।

# जुनवानी में 43 जोड़ों का हुआ आदर्श विवाह



- सामूहिक विवाह समाज को मजबूत व संगठित करने का उचित माध्यम : कविता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

छग हरदिहा साहू समाज जिला धमतरी के तत्वावधान में 43 जोड़ों का सामाजिक सामूहिक आदर्श विवाह ग्राम जुनवानी में हुआ। कार्यक्रम की अतिथि जिला पंचायत वन समिति सभापति कविता बाबर थीं। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया। श्रीमती बाबर ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान में शादी विवाह खर्चीला हो गया है। सामूहिक विवाह की पहल प्रशंसनीय है। सामूहिक विवाह से आर्थिक रूप से होने वाली अनावश्यक क्षति से बचा जा सकता है। आज का समय दिखावा व आडंबर का है। इससे बचना होगा। मौके पर सरपंच रितेश कुमार नागरची, शीतकुमार साहू जिला अध्यक्ष हरदिहा साहू समाज, महानंद साहू, त्रिलोकी राम साहू, नंदकुमार साहू, रघुवीर राम साहू, अनिल कुमार साहू, अजीत कुमार साहू, लखनलाल साहू, ज्ञानीराम साहू समेत बड़ी संख्या समाजजन उपस्थित थे।

# सड़क का निर्माण पूरी गुणवत्ता के साथ करें

- कोलियारी से जोरातराई, मंदरौद तक बन रही 33 किलोमीटर रोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

कोलियारी से जोरातराई मंदरौद तक 33 किलोमीटर मार्ग का प्रारंभिक कार्य प्रारंभ हो गया है। सड़क निर्माण संघर्ष समिति के सदस्यों ने बताया कि पानी निकासी के लिए सड़कों पर ह्यूम पाइप तथा पुल बनाया जा रहा है लेकिन पाइप के नीचे बेस न करने से भारी वाहन चलने पर सड़क के धंसने की संभावनाएं थी। इसे देखते हुए सड़क निर्माण संघर्ष समिति ने संबंधित एजेंसी एवं लोक निर्माण विभाग को सूचना दी।

कलेक्टर से समुचित गुणवत्ता के साथ कार्य को संपन्न करने की मांग की थी। इसके बाद निर्माणाधीन पुल को तोड़कर फिर से बेस करते हुए कार्य को प्रारंभ किया गया है। संघर्ष समिति के मुखिया दयाराम साहू ने कहा है कि यह सड़क नहीं इस क्षेत्र की लाइफ लाइन है। इसके लिए ग्रामीणों ने परेशानियों का सामना किया। सड़क का निर्माण पूरी गुणवत्ता के साथ किया जाए। इसके लिए क्षेत्रवासी सहयोग देने तैयार हैं।



# विद्यालय पहुंच बच्चों का वार्षिक परिणाम जानने पालकों में रही उत्सुकता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

शासकीय प्राथमिक शाला लोहरसी में सत्र 2023-24 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। बच्चों के साथ उनके पालक भी परीक्षा परिणाम जानने शाला पहुंचे। बच्चों के प्रगति पत्रक व समग्र रिपोर्ट कार्ड प्राप्त किया। इस बार दो प्रकार का प्रगति पत्रक मिला। प्रधानपाठिका श्रीमती सलिन्द्री साहू द्वारा से पांचवीं तक का परीक्षा परिणाम घोषित कर कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों का नाम वाचन किया। कक्षा पांचवी से कुमारी हर्षिता, चौथी से बलवेन्द्र कुमार, तीसरी से कुमारी मोनिशा, पूनम साहू, दूसरी से नंदिता साहू, पहली से दिशा, गौरव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानपाठिक ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में शिक्षिका किरण सिन्हा, वीणा ध्रुव, रत्ना पावरिया, एसएमसी उपाध्यक्ष खगेश्वरी देवांगन, सदस्य मनोज देवांगन, जागेश्वरी देवांगन, भारती यादव समेत बड़ी संख्या में पालक उपस्थित थे।

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, एक युवक की मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंवरी

कोलियारी बाईपास के समीप बाइक सवार 3 युवक को अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया जिससे बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। 2 युवक घायल बताए जा रहे हैं। कचना निवासी ने बताया कि अपने रिश्तेदार प्रेम यादव एवं विजय यादव के साथ उसकी मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 04 केयू 9826 में तीनों बैठकर ग्राम कोसमर्रा अपने बड़े पिताजी के घर शादी कार्यक्रम में गये थे।

शादी कार्यक्रम के बाद रात्रि में हम तीनों मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 04 केयू 9826 में बैठकर वापस अपने घर ग्राम कचना आ रहे थे। मोटर साइकिल को विजय यादव चला रहा था। घटना 30 अप्रैल की है। जैसे ही वे तीनों कोलियारी मोड़ के पास भखारा करीबन 1.30 बजे पहुंचे थे कि कोलियारी तरफ से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने अपने वाहन को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। इससे तीनों रोड पर गिर गये। उनकी मोटर साइकिल क्षतिग्रस्त हो गई। इस एक्सीडेंट से मेरे दाहिने पैर, कमर व सिर में सामान्य चोट आई है। प्रेम यादव को सिर के पीछे व शरीर के अन्य हिस्सों पर चोट आने पर उसे 108 से इलाज हेतु धमतरी ले गये जहां से रिफर करने पर डीकेएस अस्पताल गयपुर में भर्ती किया गया। मोटरसाइकिल चला रहे विजय यादव के सिर, चेहरे एवं शरीर में गंभीर चोट लगने से सीएचसी कुरूद ले गये थे जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।



## पैदल चलने वाले लोगों को बीच सड़क पर चलने की मजबूरी, हादसे की आशंका

# सड़क पर अवैध कब्जों ने खोद दी फुटपाथ की कब्र, यातायात बदहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

शहर के अंदरूनी मार्ग सहित राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे फुटपाथ को लेकर गंभीरता नहीं बरती जा रही है। यही कारण है कि कुछ लोग द्वारा फुटपाथ पर कब्जा करना आसान हो गया है। अब तो फुटपाथों पर ही फुटकर की दुकाने लगनी लगी है। फुटपाथ पर व्यापार करने वालों की संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। इसके अलावा दुकानों के सामने दो पहिया, चार पहिया वाहनों की अवैध पार्किंग से लोग हलाकान हैं। रास्ता संकरा होने से हर पल जाम लगने लगा है। कुछ दुकानदार तो आधे सड़क पर कब्जा किए बैठे हैं। फुटपाथ चलने के लिए बनाया जाता है लेकिन लोग वहां बैठकर व्यापार करने लगे हैं। वाहनों का पार्किंग बन गया है।

शहर के नागरिक ज्ञानचंद लुनावत, सुरेश देशमुख, आनंद सिन्हा, कमलेश दीक्षित, प्रवीण शर्मा आदि का कहना है कि जिला एवं निगम प्रशासन अगर इस दिशा में कार्यवाही करे तो आम आदमी को काफी राहत मिलेगी। शहर के सदर बाजार, रायपुर रोड, घड़ी चौक, बस्तर रोड, रूद्री रोड, सिहावा रोड आदि ऐसे स्थान हैं जहां फुटपाथ पर दुकाने और अवैध पार्किंग नजर आती है। यह क्रम सालों से चल रहा है। दुकानदार और ग्राहक सड़क में ही अपनी वाहन खड़ा कर देते हैं। यही कारण है कि सड़क संकरी होती जा रही है। घड़ी चौक से गोलबाजार तक तथा मठमंदिर से कचहरी चौक तक संकरी मार्ग होने के कारण दर्जनों बार जाम लगता है। सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक जाम की स्थिति रही है। जलसा व शादी कार्यक्रम बारात आदि की स्थिति पर तो लोगों को रूट बदलना पड़ता है। इधर फुटपाथ खाली नहीं रहने के कारण पैदल यात्रियों को बीच सड़क पर चलना पड़ता है। शहर के सभी स्थानों पर फुटपाथ सिर्फ नाम का रह गया है। सुबह खाली दिखने वाला फुटपाथ दोपहर के बाद भर जाता है जो देर रात्रि तक रहता है।



### बैंकों के सामने वाहनों की भीड़

शहर के मुख्य मार्ग में दो दर्जन से अधिक बैंकों की शाखा है। जहां सुबह बैंक खुलते ही सड़क में वाहनों की भीड़ लगनी शुरू हो जाती है। दोपहर तक तो आधी सड़क पर कब्जा हो जाती है। व्यवस्था बनाए रखने उनके कर्मी भी नदारद रहते हैं। शहर के बठेना चौक से लेकर बाम्बे गैरेज अंबेडकर चौक तक सबसे ज्यादा बैंक की शाखाएं है। लेन-देन करने वाला ग्राहक सड़क पर ही वाहन छोड़कर कामकाज निपटाते हैं। जिसका असर ट्रैफिक व्यवस्था पर पड़ती है। जाम के हालत में लोगों को आवागमन करना मुश्किल हो जाता है।

### अतिक्रमण हटाने अभियान जारी है : आयुक्त

आयुक्त विनय कुमार पोयाम का कहना है कि अतिक्रमण हटाने निगम टीम निरंतर कार्यवाही करती है। चुनाव के कारण कुछ दिन अभियान रूका हुआ है। आचार संहिता हटते ही शीघ्र ही टीम अवैध कब्जा, अवैध पार्किंग, अतिक्रमण पर सीधे कार्यवाही करेगी।

# गोजी स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत



**सिर्री।** शासकीय प्राथमिक एवम माध्यमिक शाला गोजी में छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम की घोषणा इंदु साहू जिला युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष, कृष्ण कुमार उपसरपंच, शाला विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष श्रवण साहू, परस साहू पूर्व अध्यक्ष, लच्छन साहू अध्यक्ष, गायत्री साहू उपाध्यक्ष, लोकू राम साहू वरिष्ठ नागरिक ने की। अंगूर, केला, मिठाई से बच्चों का मुंह मीठा किया। कक्षा 8वीं में प्रथम सोनम साहू 94.83 प्रतिशत, द्वितीय चंचल साहू 92.33 प्रतिशत, तृतीय मुक्ति 87.66 प्रतिशत रही। कक्षा 5वीं में हुमेश्वरी साहू प्रथम 87 प्रतिशत, वेदप्रकाश साहू द्वितीय 80 प्रतिशत, गेवेंद्र साहू तृतीय 78 प्रतिशत रहे। अतिथियों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## खबर संक्षेप

### प्रशिक्षण में शामिल हुए 4 जिलों के अधिकारी-कर्मचारी





**जगदलपुर।** बस्तर संभाग के 4 जिलों बस्तर, कांकेर, कोंडागांव एवं नारायणपुर के अंतर्गत समग्र शिक्षा के तहत लेखा एवं वित्तीय संधारण प्रशिक्षण कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में बुधवार को सम्पन्न हुई। जिसमें समग्र शिक्षा के वित्तीय नियंत्रक धीरज नशीने, प्रोग्रामर हलधर और राज्य समग्र शिक्षा के आडिटर एवं बैंक ऑफ बड़ौदा जगदलपुर के लव कुमार द्वारा विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण में उक्त सभी जिले के समस्त डीएमसी, एडीपीओ, बीआरसी तथा कस्तूरबा गांधी कन्या आवासीय विद्यालयों के अधीक्षक एवं लेखापाल शामिल हुए।

### प्राशा में विदाई समारोह व न्योता भोज कार्यक्रम



**बस्तर।** बस्तर ब्लॉक के ग्राम पंचायत मधोता 2 प्राथमिक शाला खैरगुड़ा में पांचवीं कक्षा के विद्यार्थियों को आज शाला परिवार की ओर से विदाई दी गई। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं होनहार बच्चों व स्कूल के विकास कार्य में सहयोग करने वाले पालकगण व युवाओं को प्रधान अध्यापक छन्नू राम मंडावी की ओर से सम्मान में प्रशस्ति प्रमाण पत्र दिया गया। संजय ठाकुर, नरेश ठाकुर, जगरू कश्यप, केशव ठाकुर, बबलू ठाकुर, थबीर ठाकुर, पुनु ठाकुर आदि के सहयोग से न्योता भोज आयोजित किया गया। इस अवसर पर शिक्षक रामनिवास देहारी, विरेन्द्र देवांगन, शिक्षिका इंदुमती, गिरी राम, नवरतन, उदय, हलधर, डोमेश, जयंती, कुसुमलता, माधुरी, सतबती, गोमती, उर्मिला, दिनेश ठाकुर, मनोज कुमार ठाकुर, मोहित, सुमित आदि उपस्थित थे।

### शिक्षा को प्रोत्साहित करने शिक्षकों की अनोखी पहल



**बीजापुर।** ग्राम पंचायत गुदमा के आश्रित ग्राम तुमला प्राथमिक शाला में परीक्षा परिणाम उत्सव मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में सभी उपस्थित बच्चों को प्रगति प्रमाण पत्र वितरण किया गया तथा कक्षा पांचवी के चांदनी मुड़ामी, राजमन मुड़ामी, अभिषेक उरसा, निखिल कुरसम सहित छात्र-छात्राओं को परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर प्रगति प्रमाण पत्र के साथ शिक्षकों के माध्यम से सम्मानित किया गया। उपस्थित छात्र-छात्राओं के बीच एक सकारात्मक प्रतिस्पर्धा के लिए मन में सपने जगते रहे। गांव के सम्मानित पटेल, वार्ड पंच, उपस्थित गांव के सदस्य एवं अभिभावक को संबोधित करते हुए शिक्षक ने आह्वान किया कि आने वाले सत्र में जो बच्चे आपके घर के आस-पास हैं, जो किसी कारणवश शाला त्यागी हैं।

संग्राहकों को मिल रही सुविधाओं का लिया जायजा

# विधायक तेंदूपत्ता खरीदी केंद्र पहुंचे, की संग्राहकों से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम



भाजपा जिलाध्यक्ष व विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी बुधवार को गीदम ब्लॉक के हीरानार स्थित तेंदूपत्ता खरीदी केंद्र पहुंचकर संग्राहकों से मुलाकात कर खरीदी के बारे में जानकारी लिया और प्रबंधक व फड़ मुंशी को पेयजल की व्यवस्था खरीदी केंद्र में करने हेतु आग्रह किया। विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि आदिवासी समाज के आजीविका के प्रमुख साधन तेंदूपत्ता, जिसे सब हरा सोना मानते थे, उस हरा सोना को काला सोना बनाने का काम भूपेश बघेल की सरकार ने किया था। कांग्रेस की सरकार ने तेंदूपत्ता संग्राहकों के साथ अन्याय किया है, लाभांश की करोड़ों राशि का दुरूपयोग कर तेंदूपत्ता संग्राहकों के आर्थिक अधिकार पर डाका डाला था। विधायक अटामी ने कहा कि जब छत्तीसगढ़ में भाजपा की रमन सरकार थी, तब हम 2500 रुपये प्रति मानक बोरा की दर से तेंदूपत्ता खरीदते थे, परन्तु इसके साथ ही साथ तेंदूपत्ता की क्वालिटी के आधार पर बिक्री होने के बाद 2000 रुपये से लेकर 13000 रुपये तक का प्रति मानक बोरा लाभांश भाजपा सरकार संग्राहक परिवारों को प्रदान करती थी। इसके अलावा संग्राहक परिवार की बहनों को साड़ी, चरणपादुका, पढ़ने वाले बच्चों को छात्रवृत्ति, 10वीं और 12वीं में अधिक अंक लाने वाले मेघावी छात्रों को पन्द्रह हजार व पच्चीस हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान करते थे। लेकिन उसके बाद कांग्रेस की सरकार छत्तीसगढ़ में आने के बाद केवल 4000 रुपये प्रति मानक बोरा दर से तेंदूपत्ता खरीदी की जा रही थी, परन्तु भाजपा सरकार द्वारा तेंदूपत्ता संग्राहकों व उनके परिवार को प्रदान किये जाने वाले लाभांश व अन्य सुविधाओं को कांग्रेस सरकार बंद कर दी थी। यह सीधे-सीधे तेंदूपत्ता संग्राहकों को मिल रहे लाभ की कटौती है।

विधायक अटामी ने कहा कि भाजपा सरकार के समय तेंदूपत्ता की खरीदी 7 से 10 दिन तक की जाती थी, वही कांग्रेस सरकार ने सिर्फ एक या दो दिन ही खरीदी किया। जिसके कारण जहां भाजपा की सरकार में साढ़े 17 लाख मानक बोरा तेंदूपत्ता खरीदी होती थी, वह कांग्रेस सरकार में घटकर 13 लाख मानक बोरा हो गया था। इससे करोड़ों रुपये का नुकसान संग्राहक परिवारों को हो रहा था। विधायक अटामी ने कहा कि तेंदूपत्ता संग्रहण में लाभांश की राशि का दुरूपयोग खुलेआम कांग्रेस की भूपेश सरकार ने किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निर्वाचन क्षेत्र पाटन में लाभांश के करोड़ों रुपये का दुरूपयोग करके हर्बल प्रोसेसिंग प्लांट का निर्माण कराया है। जबकि पाटन में तेंदूपत्ता का एक भी पत्ता न खरीदा जाता है, न ही बेचा जाता है। बस्तर व सरगुजा में इस राशि का उपयोग किया जाना था, अब भाजपा सरकार बनते ही प्रति मानक बोरा 5500 रुपए की दर से तेंदूपत्ता खरीदा जा रहा है। इस दौरान जिला महामंत्री संतोष गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीष सुराना, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राहुल असरानी उपस्थित रहे।

## पालक बैठक कार्यक्रम हुआ



हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

गीदम ब्लॉक के हीरानार में स्थित मां शंखनी महिला उत्थान केंद्र में पालक बैठक का आयोजन आज किया गया।

बैठक में संस्था के पदाधिकारी सदस्य व पालक उपस्थित रहे। इस बैठक में बच्चों का परीक्षा परिणाम पालकों को दिया गया। साथ ही परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किए बच्चों को सम्मानित किया गया।

इस दौरान मां शंखनी महिला उत्थान केंद्र की संचालिका डॉ. बुधरी ताती, जिला पंचायत सदस्य बैसू मंडावी, जनपद पंचायत गीदम अध्यक्ष अंती वेक, पूर्व जनपद अध्यक्ष सुदराम भास्कर, शैलेष अटामी व बच्चों के पालक उपस्थित रहे।

## विधायक ने मजदूर दिवस पर खाया बोरे बासी...



**भोंड।** विधायक बस्तर लखेश्वर बघेल ने 1 मई मजदूर दिवस पर जगदलपुर निवास स्थल में कार्यकर्ताओं के संग बोरे-बासी का आनंद लिया। बस्तर विधायक ने अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर सभी श्रमिक साथियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि किसी भी निर्माण कार्य की कल्पना भी श्रम के बिना असंभव है। आज के दिन हमें हमारे श्रमिक साथियों के श्रम का सम्मान करना चाहिए। इस दौरान मानसिंह कवासी, हेमराज बघेल, जितेंद्र तिवारी, राजेश कुमार, पूरन कश्यप एवं अन्य उपस्थित रहे।

## लोकसभा चुनाव में करारी हार के डर से फेक वीडियो फैला रही कांग्रेस : बारसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

भारतीय जनता पार्टी के भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे ने भारत के गृहमंत्री अमित शाह के आरक्षण वाले बयान का फेक वीडियो चलाने के मामले में आज प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कांग्रेस पार्टी पर दुष्प्रचार का आरोप लगाया। धनीराम बारसे ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को जनता पूरी तरह से नकार रही है। जिससे हताश कांग्रेस पार्टी के नेता अमित शाह के बयान को एडिटिंग करके जनता के बीच भ्रम पैदा कर रहे हैं। बौखलाई कांग्रेस पूरी तरह से ओछी राजनीतिक हरकतें करने लगी है। जबकि भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह से एससी, एसटी, ओबीसी आरक्षण के पक्ष में है और भारत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई बार सार्वजनिक मंच से एससी, एसटी, ओबीसी आरक्षण के पक्ष में कहते रहते हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद पिछड़ा वर्ग समुदाय से ही आते हैं। अमित शाह के कर्नाटक में एक विशेष समुदाय को आरक्षण दिए जाने के बयान को एडिटिंग करके जनमानस में भ्रम पैदा करने के लिए कांग्रेस के द्वारा फेक वीडियो फैलाया जा रहा है। कांग्रेस खुद एससी, एसटी, ओबीसी आरक्षण में सेंधमारी करना चाहती है। एससी, एसटी, ओबीसी को मिलने वाले आरक्षण में सेंधमारी करके एक विशेष धर्म के लोगों को ध्रुवीकरण करने के लिए आरक्षण दे रही है। कर्नाटक में यह प्रयोग हो चुका है और अगर गलती से भी कांग्रेस की सरकार केंद्र में आती है तो एससी, एसटी, ओबीसी के हक में सेंधमारी करके कर्नाटक के तर्ज पर सिर्फ वोट बैंक का ध्रुवीकरण के लिए विशेष धर्म के लोगों को आरक्षण देगी। कांग्रेस सिर्फ ध्रुवीकरण की राजनीति करती है। जाति, धर्म के नाम पर लोगों को बांटकर वोट बैंक की राजनीति करती है। जबकि भारतीय जनता पार्टी का नारा है सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास। इसी नारे के साथ हर जाति समुदाय के साथ भारतीय जनता पार्टी खड़ी नजर आती है। इसीलिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसी भी तरह के धर्म पर आधारित आरक्षण का विरोध करती है एवं एससी, एसटी, ओबीसी के पक्ष में खड़ी रहती है। इसी का जीवंत उदाहरण है देश के सर्वोच्च पद में एसटी समुदाय से आने वाली द्रौपदी मुर्मू को महामहिम,राष्ट्रपति बनाया। जबकि इंडिया गठबंधन ने इसका विरोध किया और छत्तीसगढ़ में भी आदिवासी मुख्यमंत्री बनाया गया, ताकि आदिवासी वर्ग का विकास हो। सुकमा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे ने कहा कि सुकमा में भी कुछ लोग इस तरह के फर्जी वीडियो एडिटिंग करके पोस्ट कर रहे हैं। उनसे मैं कहना चाहता हूं कि किसी भी तरह का फेक वीडियो फैलाकर भ्रम न पैदा करें अन्यथा उनके खिलाफ शिकायत दर्ज की जाएगी।

## जिले के अंतिम क्षेत्र बेंगलूर पंचायत पहुंचे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर



कलेक्टर अनुराग पाण्डेय बीजापुर जिले के सुदूर और अंतिम क्षेत्र दंतेवाड़ा जिला के सीमा पर स्थित बेंगलूर पंचायत पहुंचकर सरपंच एवं ग्रामीणों से आवश्यक चर्चा किया। ज्ञात हो कि यह क्षेत्र जिला मुख्यालय से 100 किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थित है। ग्राम पंचायत बेंगलूर सहित इसी ग्राम पंचायत में कोसलनार-1, कोसलनार-2, मंगनार, तुसावल सहित अन्य पंचायतें भी इस क्षेत्र में आता है। कुछ दिवस पूर्व ग्राम पंचायत बेंगलूर के सरपंच एवं ग्रामीणों द्वारा अधूरे सड़क निर्माण को पूरा करने के लिए आवेदन दिया गया था। मौके पर पहुंचकर कलेक्टर पाण्डेय ने वस्तुस्थिति का जायजा लिया और सड़क निर्माण करने वाले ठेकेदार से दूरभाष के माध्यम से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं हाईस्कूल बेंगलूर का निरीक्षण किया, जहां दो नग अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य अधूरा होने की जानकारी ग्रामीणों एवं स्कूल के शिक्षकों ने दी। सरपंच सहित ग्रामीणों ने विद्युत विस्तार, सामूहिक तार फेंसिंग, हैण्डपंप सहित अन्य मांगों से अवगत कराया। जिस पर कलेक्टर ने ग्रामीणों के मांग से अवगत होकर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही। कलेक्टर ने इस दौरान सातधार जल प्रपात का भी अवलोकन कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



**बस्तर।** माध्यमिक शाला खोरखोसा में वार्षिक परीक्षा परिणाम गत दिवस घोषित किया गया। साथ में रामजी यादव सेवा निवृत्त शिक्षक को विदाई दी गई। इस अवसर पर प्रधान अध्यापक युगल किशोर कौशिक, शंकर कश्यप, फ्रोवेल जोशी, पीला सिंह बघेल, रिता तिवारी, रामबती बघेल, द्रोपदी ठाकुर, रवि देवांगन, महेंद्र ठाकुर, शंभुनाथ ध्रुव एवं सरपंच मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री आवास में तेजी लाने सीईओ ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के द्वारा गत दिवस समय सीमा की बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की भी समीक्षा की गई थी। जिसमें इस योजनान्तर्गत जिले में कुल 3921 प्रगतिरत आवासों को 15 जून तक पूर्ण करने के संबंध में सर्व संबंधित को निर्देशित किया गया था। इस क्रम में जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन के द्वारा जनपद पंचायत दंतेवाड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत गंजेनार में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के कार्यों का निरीक्षण कर निर्माण एजेंसी से कार्य में तेजी लाने के साथ-साथ गुणवत्तायुक्त भवन निर्माण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है और सभी निर्धारित मापदंडों के साथ इस निर्माण कार्य को पूर्ण करें। इसके अलावा ज्ञात हो कि जिले में विगत माह 620 आवास पूर्ण किए गए है।

साक्षी सुराना अध्यक्ष व मनकुराम लेकामी बने मेला समिति के उपाध्यक्ष

## 12 मई को होगा गीदम मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम



नगर में इस वर्ष गीदम मेला का आयोजन करने की अनुमति मां दंतेश्वरी के जिया पुजारी एवं टेंपल कमेटी से मिलने के बाद नगर पंचायत कार्यालय में विधायक चैतराम अटामी, दंतेश्वरी मंदिर के जिया पुजारी परमेश्वर नाथ जिया, नगर पंचायत अध्यक्ष साक्षी सुराना के नेतृत्व में नगर सहित आस-पास के क्षेत्रों के गणमान्य नागरिकों एवं पुजारियों की बैठक आज हुई। जिसमें उपस्थित लोगों के द्वारा मेले को पूरे रीति-रिवाज एवं हर्षोल्लास के साथ अच्छे से मनाने का निर्णय लिया गया। गीदम मेला 11 मई को माई जी की डोली के आगमन के साथ शुरू होगा और 12 मई को माई जी की डोली व क्षेत्रीय देवी-देवताओं की डोली नगर परिक्रमा करेगी व मेला भरेगा। 13 मई को देवी-देवताओं की विदाई के साथ मेला का समापन होगा।

बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष साक्षी सुराना को अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष मनकुराम लेकामी को मेला समिति का उपाध्यक्ष सर्व सम्मति से चुना गया। गौरतलब है कि गीदम मेला बहुत ही पुराना एवं बड़ा मेला होता है। जिसमें आस-पास के कई मंदिरों से पुजारियों का दल स्थापित देवी-देवताओं के छत्र के साथ शामिल होता है। इस मेले की सबसे बड़ी विशेषता है कि मां दंतेश्वरी का सोने का छत्र इस मेले में शामिल होता है। उनके छत्र के साथ दंतेश्वरी मंदिर के जिया बाबा एवं पुजारियों का दल न सिर्फ मेले में शामिल होते है, वरन पूरे नगर का भ्रमण भी करते है। मान्यता है कि मां दंतेश्वरी के साथ-साथ स्थानीय माता मां शीतला एवं सभी देवी-देवताओं का दल पूरे गीदम नगर का भ्रमण कर सभी को सुख, समृद्धि एवं खुशहाली का आशीर्वाद देते है। जिससे पूरे क्षेत्र में संपन्नता एवं खुशहाली रहती है।

### मेले को करवाएंगे शासकीय मेले में शामिल

अध्यक्ष साक्षी सुराना ने बताया कि बैठक में उपस्थित सभी लोगों के द्वारा प्राचीन एवं भव्य मेले की वजह से गीदम मेले को शासकीय मेले में शामिल करवाने हेतु निर्णय लिया गया। जिससे मेले को एक अच्छा स्वरूप दिलाया जा सकेगा। इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर कलेक्टर दंतेवाड़ा को भेजने की सहमति सबके द्वारा दी गयी। साक्षी सुराना ने कहा कि मेले में किसी प्रकार की कोई कमी नही रहने दी जाएगी। सारी व्यवस्था जिम्मेदारी के साथ पूरी की जाएगी। उन्होंने बताया कि नगरवासियों के मनोरंजन के लिए मीना बाजार वालों से संपर्क कर उनको भी बुलाने का प्रयास हमारे द्वारा किया जा रहा है। जिससे मेले को और भव्यता प्रदान की जा सके। इस बैठक में नगर पंचायत गीदम उपाध्यक्ष मनकुराम लेकामी, सीएमओ बीपी ध्रुव, नगर पंचायत गीदम के पूर्व अध्यक्ष नवीन विश्वकर्मा, मुकुंद ठाकुर, पार्षद सोहन यादव, शेख सिराजुद्दीन, विद्यानंद सेन, शैलेन्द्र कौमार्य, खिलावन सागर, श्रीकांत राव, अवधेश गुप्ता, रघुनाथ अतरा, विधायक प्रतिनिधि मदन सोनी, पूर्व विधायक प्रतिनिधि रजत दहिया, रवीश सुराना, पूर्व उपसरपंच गीदम मोंगड़ू राम, इतवारी साहू, नरेंद्र सुराना, शीतला माता मंदिर के सिरहा पुजारी, पेरमा, गायता, माटी पुजारी, सभी सेवादार सहित आस-पास क्षेत्र के गणमान्य नागरिक व नगर पंचायत गीदम के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर पाण्डेय ने किया भैरमगढ़ में निर्माणधीन उच्च स्तरीय पुल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर



भैरमगढ़ ब्लॉक में इंद्रावती नदी पर निर्माणधीन उच्च स्तरीय पुल का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ज्ञात हो कि विगत 8 अप्रैल को कलेक्टर ने कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए थे और उनकी उपस्थिति में गर्डर लांचिग का कार्य शुरू हुआ था।

यह पुल जिले के विकास एवं अन्तर जिला आवागमन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण एवं कारगर साबित होगा। बीजापुर से रायपुर की दूरी में भी कमी आएगी। इन्द्रावती नदी उस पार बसे 12 पंचायत के ग्रामीणों के साथ नारायणपुर के माड़ क्षेत्र ओरछा के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। पुल के महत्व को देखते हुए कलेक्टर पाण्डेय ने गंभीरतापूर्वक पुल निर्माण के कार्य में तेजी लाने लगातार निगरानी रखते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिसके परिणाम स्वरूप लगभग सभी पिलर में गर्डर लांचिग का कार्य पूर्ण हो सका।

कलेक्टर आज पुल का निरीक्षण कर नदी उस पार के क्षेत्र का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ज्ञात हो कि पुल की कुल लंबाई 648 मीटर है। जिसमें पुल पर गर्डर लांचिंग का कार्य किया गया है। गर्डर लांचिंग के बाद अब ढलाई का कार्य तेजी से करने के निर्देश दिए ताकि आवागमन सुचारू रूप से हो सके। नारायणपुर एवं बीजापुर के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी।

कार्यालय कलेक्टर जिला बस्तर
जगदलपुर (नजूल शाखा)

-: उद्घोषणा :-

रा. प्र. क्र.- 67/अ-20(1)/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामचन्द्र दास पिता जयदेवदास एवं अन्य 04 निवासी भैरमगंजपारा जगदलपुर के द्वारा मोहल्ला भैरमगंजपारा सीट क्र. 91 भूखण्ड क्रमांक 77/5 क्षेत्रफल क्रमशः 3665 वर्गफुट वार्षिक भू-भाटक 7.22 रू. स्थाई पट्टे की भूमि को भूमि-स्वामी अधिकार हक में प्राप्त करने आवेदन प्रस्तुत किया गया है प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा/आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 10/05/2024 तक स्वयं या अपने विधिमान्य अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/04/2024 को न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

मुहर

नजूल अधिकारी
जगदलपुर

Health Town

डॉ. टाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक

Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244

स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ

सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा

Maa Ad.

टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।

शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर | Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### सुहिणी सोच करेगी ग्रीष्मकालीन कार्यशाला



**जगदलपुर।** सुहिणी सोच महिला विंग द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क कार्यशाला शुरू हो रहा है, सुहिणी सोच सांस्कृतिक प्रभारी रिया दुल्हानी ने जानकारी दी। ग्रीष्मकालीन में सिंधी समाज की महिला विंग के तत्वावधान में 18 मई की शाम 5 बजे से सिंधु भवन में महिलाओं के लिए एक निःशुल्क कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न प्रकार की साड़ी पहनावा, सलाद डेकोरेट, फ्रूट डेकोरेट, हेयर स्टाईल, सेल्फ मेकप की कार्यशाला में प्रशिक्षिकाओं द्वारा प्रशिक्षण दिया जाना है।

### नवीन आचार्य 10 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



**भानपुरी।** सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति छग प्रांत के मार्गदर्शन पर बस्तर संभाग के द्वारा नवीन आचार्य दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 30 अप्रैल से 11 मई तक संपन्न होगा। 1 मई को प्रशिक्षण के उद्घाटन संत्र पर मुख्य अतिथि वेदवती कश्यप अध्यक्ष जिला पंचायत बस्तर, कार्यक्रम की अध्यक्षता मनीराम कश्यप उपाध्यक्ष, मुख्य वक्ता सुदामा राम साहू, विशेष अतिथि संतोष बघेल संयोजक सरस्वती शिशु मंदिर, सरपंच भूषण प्रसाद गुप्ता, विजय तिवारी अध्यक्ष, रामानुज पांडे, त्रिलोक सर्वा, देवाराम कोडारे, संतोष ऊके, मनोहर ठाकुर उपस्थित रहे। संभाग से प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए कांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर, बस्तर, दंतेवाड़ा एवं बीजापुर से आचार्य 8, दीदी 40 से 48 की संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाचार्य एवं आचार्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक कल

**दंतेवाड़ा।** राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक 3 मई को समय पूर्वान्ह 11 बजे से नवीन संयुक्त जिला कार्यालय भवन के डंकनी सभाकक्ष में आयोजित की गई है। समस्त अधिकारीगण आयोजित मासिक समीक्षा बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगें। इसके साथ ही संबंधितों को सूचित किया जाता है कि उक्त बैठक में एजेंडा अनुसार संपूर्ण जानकारी लैंडस्केप ए-4 साईज पेपर में माह अप्रैल 2024 की स्थिति में तीन-तीन सेट में 1 मई को अपरान्ह 12 बजे तक राजस्व लेखा शाखा में जमा करते हुए उक्त बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# परीक्षा से घबराएं नहीं, एक लक्ष्य के साथ तैयारी को अंतिम रूप दें : कलेक्टर

## असफलता से निराश न हो, असफलता आपको सही दिशा में तैयारी के लिये करती है प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर विजय दयाराम के. ने एनईईटी की तैयारी कर रहे बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी में लगे छात्र परीक्षा से घबराएं नहीं, अपितु एक लक्ष्य के साथ तैयारी को अंतिम रूप दें। उन्होंने कहा कि एनईईटी की तैयारी कर रहे बच्चे सभी चिकित्सक बने और बस्तरवासियों का इलाज करने का अवसर मिले इसी भावना को अपना ध्येय रखें। इसके लिए मेहनत खुद को करनी है, अनुशासित होकर नियमित पढ़ाई और रिवीजन, लगातार मॉक टेस्ट देने पर फोकस करें। उक्त बातें कलेक्टर ने धरमपुरा स्थित ज्ञानगुड़ी एनईईटी परीक्षा के लिए प्रशासन द्वारा संचालित क्रेश कोर्स के



विद्यार्थियों से कही।

इस दौरान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने कहा कि अपनी मेहनत और अनुशासन के साथ तैयारी के दम पर कोई भी परीक्षा पास की जा सकती है। सफलता के लिए सतत प्रयास जरूरी है। यदि असफल भी हो तो निराश ना हो, असफलता आपको सही दिशा में तैयारी करने के लिए प्रेरित करती है।

ज्ञात हो जिला प्रशासन द्वारा एनईईटी परीक्षा के लिए एक माह का क्रेश कोर्स करवाया जा रहा है। इसके लिए प्रवेश परीक्षा भी लिया गया, जिसमें 140 बच्चों का चयन किया गया है। इसमें बस्तर जिले के अलावा अन्य नजदीकी जिलों से भी बच्चे पढ़ाई करने पहुंचे है।

## दो चरणों में 3412 मोतियाबिंद पीड़ित मरीजों का किया गया उपचार

# मोतियाबिंद मुक्त बस्तर के लिए जल्द शुरू होगा तीसरा चरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शासन-प्रशासन की मंशा प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिले यह प्रमुख लक्ष्य रहा है। इसी के तहत बस्तर जिले में नेत्र से संबंधित बीमारी मोतियाबिंद से जिले को निजात दिलाने के लिए विगत वर्ष दो चरणों में सघन मोतियाबिंद जांच एवं उपचार अभियान संचालित किया गया। जिसमें जिले के कुल 3774 मोतियाबिंद पीड़ित मरीजों का चिन्हांकन कर 3712 मरीजों का ऑपरेशन किया गया। यही नहीं जिले में समीपवर्ती जिलों एवं अन्य क्षेत्रों के मरीजों को मिलाकर कुल 4198 मोतियाबिंद पीड़ित मरीजों का ऑपरेशन किया गया। राज्य स्तर से गत वर्ष जिले को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु 4500 का लक्ष्य आबंटित किया गया था, जिसके विरुद्ध 4198 मरीजों का ऑपरेशन कर लाभान्वित किया गया। कलेक्टर विजय दयाराम के. के निर्देशानुसार जिले में अब पुनः मोतियाबिंद जांच एवं उपचार अभियान चलाया जाएगा। ज्ञात हो कि कलेक्टर विजय द्वारा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को बस्तर जिले को मोतियाबिंद मुक्त जिला बनाने हेतु विशेष प्रयास करने के साथ ही नेत्र चिकित्सा के लिए स्थापित विशेष अस्पताल अंबक की सुविधाएं



मरीजों को जरूरत के अनुसार प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया है। कलेक्टर के निर्देश पर पूर्व में किये गए सघन सर्वे अभियान की तरह पुनः सघन मोतियाबिन्द सर्वे अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। इस दिशा में स्वास्थ्य विभाग के समस्त कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों को सघन सर्वे अभियान प्रारंभ कर नियमित रिपोर्टिंग करने के साथ ही संभावित मरीजों का सत्यापन कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल डिमरापाल एवं जिला महारानी अस्पताल में स्थित अंबक अस्पताल में ऑपरेशन करवाने के लिए निर्देश दिये गए हैं। ऑपरेशन के लिए मरीजों को लाने एवं घर तक पहुंचाने के लिए निःशुल्क आवागमन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

जिले को मोतियाबिंद मुक्त करने के लिए गत वर्ष की भांति अब तृतीय चरण में घर-घर जाकर स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं मितानिनों के द्वारा सघन मोतियाबिन्द सर्वे अभियान चलाया जाएगा। गांवों में सर्वे कार्य हेतु पंचायत सचिवों एवं अन्य मैदानी अमले से भी समन्वय किया जाएगा। सर्वेक्षण कार्य का सफल क्रियान्वयन एवं सम्पूर्ण निगरानी खण्ड चिकित्सा अधिकारी व विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक तथा शहरी क्षेत्र में शहरी कार्यक्रम प्रबंधक के द्वारा किया जाएगा।

प्रशासन द्वारा इस सर्वे से पहले गत वर्ष 15 मई से 15 जून 2023 तक प्रथम चरण तथा 23 से 30 नवम्बर 2023 तक द्वितीय चरण में जिले के सातों विकासखण्ड के कुल 3712 मरीजों को उपचार उपरांत स्वास्थ्य लाभ हुआ। मोतियाबिंद सर्वे अभियान का लाभ जिले के अंदरूनी इलाकों के मरीजों को भी मिला। जिनमें एक देवकी ठाकुर थी जो कलेक्टर विजय से विकासखंड लोहंडीगुड़ा अंतर्गत दूरस्थ ग्राम हर्राकोडेर भ्रमण के दरमियान उनकी माताजी ने मिलकर आपरेशन की गुहार की थी। कलेक्टर के निर्देश पर कुछ ही दिन बाद देवकी का उपचार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में किया गया,अब देवकी अपने आखों से दुनिया देख रही है। देवकी ने स्वस्थ होने के बाद कलेक्टर को पुष्प भेंटकर ईलाज के लिए आभार व्यक्त किया था।

### अंबक में 1826 मरीजों का हुआ ईलाज

बस्तर जिले को मोतियाबिंद मुक्त जिला बनाने और मरीजों को नेत्र से संबंधित बीमारियों के इलाज के लिए बीते साल जिला अस्पताल में सर्वसुविधायुक्त विशेष अस्पताल अंबक प्रारंभ किया गया है। जिसमें अब तक 1826 मरीजों का मोतियाबिंद इलाज किया गया है। इसके अलावा मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय में नेत्र से संबंधित बीमारियों की उपचार सुविधा प्रदान की जा रही है।

## समाधान शिविर में आयुक्त ने सुनी कर्मचारियों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर पालिका निगम में कार्यरत कर्मचारियों के समस्याओं का समाधान करने के लिए आयुक्त हरेश मंडावी ने निगम कार्यालय में एकदिवसीय समाधान शिविर लगाकर कर्मचारियों के समस्याओं को सुनकर उन समस्याओं का

■ कर्मचारियों के समस्या के लिए प्रतिमाह लगेगा समाधान शिविर

समाधान करने का संबंधित विभाग को निर्देश दिया। आयुक्त के द्वारा निगम में कार्यरत नियमित कर्मचारी ,प्लेसमेंट कर्मचारियों एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत कार्यरत स्वच्छता दीदीयों के समस्याओं के निराकरण के संबंध में आयुक्त ने नई पहल की शुरुआत करते निकाय में कार्यरत कर्मचारियों के कई समस्याएं रहती हैं जिसे वह अधिकारियों को अवगत कराने में संकोच करते हैं । इन सभी बातों को देखते हुए आयुक्त ने कर्मचारियों के लिए समस्या समाधान शिविर का आयोजन कर नगर निगम के कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत होकर तत्काल संबंधित विभाग के अधिकारियों को कर्मचारियों का समस्या समाधान करने का निर्देश दिया । यह समस्या समाधान शिविर प्रत्येक माह लगाया जाएगा। कर्मचारियों की समस्या समाधान में प्लेसमेंट कर्मचारियों ने अपनी पुरानी ईपीएफ राशि के संबंध में समस्या बताया, स्वच्छता दीदीयों ने भी अपनी समस्या आयुक्त के समक्ष रखी,साथ ही कर्मचारियों ने अपनी पदोन्नति ,रुके हुए वेतन व अन्य बातें समाधान शिविर में रखा । आयुक्त ने समाधान शिविर में कहा कि नगर निगम में कार्यरत हमारे कर्मचारियों की कई समस्याएं रहती हैं हमारे कर्मचारी संकोच से अपनी छोटी एवं बड़ी समस्याएं अधिकारियों को नहीं बता पाती है जिससे उनके समस्या का निराकरण समय पर नहीं हो पता है । इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए आज एक दिवसीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन निगम कार्यालय में किया गया जिसमें उनकी समस्याओं से रूबरू होकर निराकरण संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है ।

## मजदूरों के बिना राष्ट्र की उन्नति संभव नहीं : ममता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर इनरव्हील क्लब द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर मजदूरों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर कामगारों

■ इनरव्हील क्लब ने मनाया मजदूर दिवस, मजदूरों और कामगारों का किया सम्मान

एवं मजदूरों को टिका लगाकर एवं आरती उतार कर और उन्हें शॉल श्रीफल, साड़ी भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। मजदूरों के कल्याण की कामनाएं करते हुए मजदूर एकता जिंदाबाद, मजदूर दिवस जिंदाबाद का उद्घोष के साथ



अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया गया। मजदूरों को उनके अधिकारों की जानकारी दी गई। श्रमिको का शोषण के खिलाफ जागृत होने का आह्वान किया। इनरव्हील क्लब की अध्यक्षा ममता सिंह राणा ने कहा कि किसी भी विकसित राष्ट्र की परिकल्पना में श्रमिकों का अहम योगदान होता है। मजदूर और कामगारों के बिना राष्ट्र की प्रगति संभव नहीं है, इसलिए मजदूरों का सम्मान करना हमारे लिए न सिर्फ गर्व की बात है बल्कि हमारा नैतिक उत्तरदायित्व भी है। कार्यक्रम में श्रमिकों को तिलक लगाकर माल्यार्पण कर मुंह मीठा कराकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सचिव डॉ सरिता थॉमस, प्रियंका गुप्ता सहित सदस्य गण मौजूद रहे।

## ईडी ने ली कार्यपालन अभियंताओं की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में ईडी ने मुख्य रूप से विद्युत लाईनों व उपकरणों के रखरखाव व सुधार कार्य, विद्युत अधोसंरचना के विकास के लाइन व उपकेन्द्र निर्माण कार्य, गुणवत्ता पूर्ण विद्युत आपूर्ति के लिए पंप बाहुल्य क्षेत्र में कैपेसिटर बैंक की स्थापना, नियद नल्लानार योजना के अंतर्गत सोलर सिस्टम से परंपरागत तरीके से विद्युतीकरण कार्य, पंप विद्युतीकरण और उपभोक्ताओं के विद्युत संबंधित समस्या का त्वरित निराकरण के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम, कार्यपालन अभियंता सलीम खान, प्रदीप अग्रवाणी, सुदीप खेस, दिलीप कुमार सैनी, चित्रा खत्री आदि शामिल रहे।

## छात्र-छात्रों को आत्मनिर्भर बना रहे प्रशिक्षार्थी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला जूडो संघ व इंटर नेशनल गोसुकु रियो कराते दो एसोसिएशन ब्रांच जगदलपुर द्वारा स्थानीय विद्या ज्योति स्कूल प्रांगण में प्रशिक्षक अब्दुल मोईन के

■ ग्रीष्म कालीन जुडो, कराते हो रहा प्रशिक्षण शिविर

मार्गदर्शन पर 30 अप्रैल से शाम 5 से 6.30 बजे तक जूडो कराते प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में उम्र की कोई पाबंधी नहीं है, किसी भी उम्र का व्यक्ति शिविर में भाग ले सकता है। विगत 30 वर्षों से संचालित इस मार्शल आर्ट क्लब से कई ऐसे प्रशिक्षक निकल कर आज अपनी सेवा विभिन्न जगहों पर दे रहे हैं। शिविर का उद्देश्य छात्र-छात्रों को आत्मनिर्भर बनाना है ताकि आज की इस दौर में मार्शल आर्ट का अभ्यास कर अपनी एवं आने वाली विपत्तियों का सामना कर सके। साथ ही स्कूल कालेज एवं ओपन की खेलों में इस कला का प्रदर्शन कर जिले व अपने माता-पिता का नाम रौशन कर सके। इस कला के माध्यम से छात्रों को नशामुक्त व अनुशासन में रह कर समाज व देश की रक्षा करने की प्रेरणा दे सके।

प्रशिक्षण में छात्रों को विभिन्न कलाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा, म्युथाई बाक्सिंग जैसी कला की बारीकियों के बारे में प्रशिक्षण के दौरान बताया जाएगा। साथ ही जापान की कला जूडो कराते की उठा पटक कराते की लात, घुसे व रोकने की विधि के साथ बाक्सिंग का पंच छात्र-छात्रों सिखाया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान महिला कोच मकसुदा हुसैन, सोनाली कुशवाहा, फिरदोज द्वारा छात्रों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# जिला स्तरीय एक दिवसीय हुई कन्वर्जेन्स कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज : दंतेवाड़ा

जिला प्रशासन एवं यूनिसेफ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण भाग-2 अंतर्गत ओडीएफ. स्थायित्व एवं जलवायु अनुकूलन समुदाय (मिशन लाइफ) पर कलेक्ट्रेट के डंकनी सभा कक्ष में जिला स्तरीय कन्वर्जेन्स कार्यशाला का आयोजन आज जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

ज्ञात हो कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण भाग-2 अंतर्गत ग्राम पंचायतों को प्लास्टिक कूड़ा मुक्त, गीला कचरा, सुखा कचरा एवं खतरनाक कचरा की प्रबंधन, अपशिष्ट जल की प्रबंधन, करने हेतु स्वच्छता पर मॉडल ग्राम एवं हरित ग्राम बनाया जाने पर जिला प्रशासन एवं यूनिसेफ के सहयोग से प्रयास किया जा रहा है।

जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन ने इस दौरान स्वच्छता पर जिला स्तर की कार्य योजना तैयार करने हेतु कार्यशाला में भाग लिए सभी अधिकारियों को 7 समूह में बांटकर सात विभिन्न मुद्दे पर समूह चर्चा करने के साथ-साथ पंचायत स्तर पर ग्राम के सभी मुख्य हितधारकों की ग्राम की स्वच्छता को लेकर क्या कार्य एवं उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने को कहा गया। जिससे ग्राम पंचायत के सभी घर, सार्वजनिक स्थान, स्कूल, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र एवं सभी शासकीय संस्थाओं में साफ-सफाई स्वच्छता नियमित बनी रहे और ग्राम स्वच्छ और सुन्दर दिखे। साथ ही स्वच्छ भारत (मिशन ग्रामीण) के तहत जिले के पंचायतों को मॉडल पंचायत बनाने का कार्य किया जा सकें। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने समूहवार अपना-अपना कार्ययोजना प्रस्तुतीकरण भी दिए।

इसी कड़ी में ग्राम पंचायत छिन्दनार से आये संध्या शुक्ला, पंचायत सचिव गोदरुराम एवं समूह से संगमबती भारती, मानकदई ठाकुर के द्वारा छिंदनार में स्वच्छता को लेकर एवं प्लास्टिक कूड़ा मुक्त को लेकर पेपर बैग बनाने किये जा रहे कार्यों को, कार्यशाला में साझा किया गया। कार्यशाला के सफल संचालन में जल स्वच्छता एवं साफ-सफाई (वॉश) कार्यक्रम दंतेवाड़ा जिला सलाहकार सुरेश कुमार अनन्त एवं पंचायत कॉर्डिनेटर उपस्थित थे।

# क्षेत्र के कल्याण के लिए विधायक गोयल ने गड़िया देवगुड़ी में की पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने क्षेत्र की शांति व खुशहाली के लिए गड़िया उत्सव में शामिल होकर देवगुड़ी में पूजा अर्चना की। इस

■ टाकरागुड़ा बाली मेला में शामिल होकर लोगों से की मुलाकात

दौरान उन्होंने क्षेत्र के कल्याण के लिए दूरदराज से आए देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर लोगों से मुलाकात की।

सर्वप्रथम गड़िया मेला में शामिल हुए विधायक गोयल ने देवगुड़ी में पूजा अर्चना कर क्षेत्र व प्रदेश की खुशहाली के लिए



आशीर्वाद मांगा। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में मौजूद ग्रामीणों से उन्होनें मुलाकत कर गांव की समस्याओं की जानकारी ली और जल्द से जल्द सभी समस्याओं के समाधान करने आश्वस्त किया। गड़िया में आयोजित परम्परागत बाली मेला में शामिल होने आए विधायक गोयल का ग्रामीणों ने परम्परानुसार स्वागत किया। मेले में आए देवी देवताओं से आशीर्वाद लेकर पुजारियों से मुलाकात की। इसके उपरांत व टाकरागुड़ा में आयोजित बाली मेला में शिरकत कर पूजा अर्चना की और ग्रामीणों से मुलाकात कर उन्हें आयोजित भव्य मेले के लिए बधाई दी। बालीमेला में शामिल होने के बाद विधायक ने क्षेत्र के परलमेटा, लालागुड़ा, और मिचनार में आयोजित विवाह समारोह में शामिल हुए। नवविवाहित दम्पतियों को उन्होंने आशीर्वाद देते हुए उनके विवाहित जीवन की खुशहाली की कामना करते हुए उपहार दिया। अपने बीच क्षेत्रीय विधायक की मौजूदगी से विवाह समारोह में शामिल लोग काफी प्रसन्न दिखे और उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान विधायक के साथ क्षेत्रीय भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारियों के अलावा क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद थे।

